# वार्षिक पाठ्यक्रम
## सत्र: 2023-24
## कक्षा - VII
## विषय - विज्ञान

| प्रसंग | विषय वस्तु और उसका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | सुझावात्मक अधिगम सम्प्राप्ति | सुझावात्मक क्रियाकलाप और संबंधित कार्यपत्रक संख्या |
|---|---|---|---|
| **भोजन** | **<u>कक्षा VI:</u>**<br>***अध्याय - 4:**<br>**पौधों को जानिए**<br><br>***अध्याय - 6:**<br>**सजीव – विशेषताएँ एवं आवास**<br><br>**<u>कक्षा VII :</u>**<br>**अध्याय -1:**<br>**पादपों में पोषण** | • विभिन्न जीवों को पोषण विधि के आधार पर पहचान पाते हैं<br>• प्रकाश संश्लेषण क्रिया का शब्द समीकरण लिख पाते हैं<br>• प्रकाश संश्लेषण के प्रक्रम को चित्र की सहायता से व्याख्या कर पाते हैं।<br>• हरे रंग के अलावा अन्य पत्तियों में भी प्रकाश संश्लेषण होता है, इसकी जाँच के लिए अन्वेषण करते है<br>• पौधों मे विषमपोषी के उदाहरण | 1. प्रेक्षण करना कि प्रकाश, प्रकाश संश्लेषण के लिये आवश्यक है।<br>2. विभिन्न प्रकार (रंग) की पत्ती एकत्रित कर पता लगाना कि इन में भी प्रकाश संश्लेषण होता है।<br>3. कवक या फंजाई को ब्रैड पर उगाना और उत्पन्न अलग – अलग धब्बों को आवर्धक लेंस से देखना और आवलोकन को नोट बुक में लिखना।<br>**कक्षा VI**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या :26-28** एवं **30,45,46***<br>**कक्षा VII**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या :15-20*** |
| **गतिशील वस्तु,लोग एवं विचार** | **<u>कक्षा VI:</u>**<br>***अध्याय – 7 :**<br>**गति एवं दूरियों का मापन**<br><br>**<u>कक्षा VII:</u>**<br>**अध्याय -9 :**<br>**गति तथा समय** | • गति – तेज या धीमी का अवलोकन व विश्लेषण कर पाते हैं।<br>• सरल लोलक के आवर्तकाल की निरंतरता का प्रेक्षण कर पाते हैं।<br>• गतिमान वस्तु की चाल का मापन और परिकलन कर पाते हैं।<br>• भौतिक इकाई का मापन और उनकी की SI यूनिट लिख पाते हैं।<br>• दूरी –समय के ग्राफ को बना और समझ पाते हैं। | 1. सामान्य वस्तुओं की गति का निरीक्षण करना ।<br>2. दिए समय मे वस्तु द्वारा तय दूरी का मापन करना एवं उनकी गति को ज्ञात करना।<br>3. एकसमान गति का दूरी –समय ग्राफ खींचना।<br>4. सरल लोलक की दोलन गति की निरंतरता और एवं आवर्त काल का प्रेक्षण करना ।<br>5. वस्तु द्वारा दी गई दूरी को तय करने में लिया गया समय का मापन करना एवं उनकी गति को ज्ञात करना।<br>**कक्षा VII**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या : 39-42***<br>❖ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **गतिशील वस्तु,लोग एवं विचार** | **<u>कक्षा VI:</u>**<br>***अध्याय-9 :**<br>**विद्युत तथा परिपथ**<br><br>**<u>कक्षा VII:</u>**<br>**अध्याय – 10 :**<br>**विद्युत और इसके प्रभाव** | • विभिन्न सामग्रियों को विद्युत चालकता के आधार विद्युत के चालक और कुचालक में अंतर करना।<br>• चालक में विद्युत धारा के साथ तापन की प्रक्रिया को संबंधित कर समझना।<br>• विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभावों को प्रदर्शित करना ।<br>• विद्युत परिपथ बनाकर उसका विद्युत घटकों के चिह्नों का प्रयोग करते हुए नामांकित चित्र आरेखित करना।<br>• वैज्ञानिक अवधारणाओं की सीख को दैनिक जीवन में इस्तेमाल करना,जैसे विद्युत उपकरणों आदि में दो या दो से अधिक विद्युत सेलों को उचित क्रम में जोड़ना आदि।<br>• विद्युत धारा से अपने परिवेश में उपलब्ध संसाधनों से विद्युत चुम्बक का मॉडल बनाना। | 1. एक साधारण विद्युत परिपथ बनाना और उसका आरेख बनाना।<br>2. तीन विद्युत सेल का उपयोग कर एक बैटरी बनाना।<br><br>3.प्रदर्शित करना :<br>a. विद्युत धारा का तापीय प्रभाव ।<br>b. विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव ।<br><br>4. विद्युत चुम्बक का मोडल बनाना ।<br><br>**कक्षा VI**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या :18-21***<br>**कक्षा VII**<br>❖ पुस्तक में सुझाए गए सम्बंधित क्रियाकलाप |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 15 सितम्बर 2023 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **मध्यावधि परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृति**

## मध्यावधि परीक्षा 2023

| प्रसंग | विषय वस्तु और उसका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | सुझावात्मक अधिगम सम्प्राप्ति | सुझावात्मक क्रियाकलाप |
|---|---|---|---|
| **भोजन** | **<u>*कक्षा VI:</u>**<br>**अध्याय - 1 : भोजन के घटक**<br><br>**<u>कक्षा VII:</u>**<br>**अध्याय - 2 : प्राणियों में पोषण** | • दांतों के प्रकार जान और पहचान पाते हैं<br>• पाचन प्रक्रम के आधार पर प्राणियों मे अंतर कर पाते है<br>• जन्तुओं और मानव मे पाचन विधि की व्याख्या कर पाते हैं<br>• मानव पाचन तंत्र का चित्र बनाना और विभिन्न अंगो को नामांकित कर पाते हैं | 1. स्टार्च पर लार का प्रभाव<br>2. निम्न का उचित विधि से अध्ययन करना:<br>• मानव पाचन तंत्र<br>• विभिन्न प्रकार के दंत एवं उनके कार्य<br>• खाद्य नलिका मे खाद्य की गति<br>• रोमन्थियों का पाचन तंत्र<br>3. जीभ पर स्वाद के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों (नमकीन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कड़वा,मीठा आदि) को बच्चों द्वारा लाए गए खाद्य पदार्थ की मदद से पहचानना<br>**कक्षा VI**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या : 10-14,16-17,22-25***<br>**कक्षा VII**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या : 8-14*** |
| **पदार्थ** | **<u>कक्षा VI:</u>**<br>***अध्याय - 1 :**<br>**भोजन के घटक**<br><br>**<u>कक्षा VII:</u>**<br>**अध्याय - 4:**<br>**अम्ल, क्षारक एवं लवण** | • पदार्थों को अम्ल ,क्षारक एवं लवण मे वर्गीकृत कर पाते हैं।<br>• विभिन्न फूलों के रस को अम्ल-क्षारक के सूचक बनाने के लिये पृथक कर पाते हैं और पदार्थ की प्रकृति का अन्वेषण करते है।<br>• प्रयोगों को सुरक्षित तरीकों से कर पाते हैं ।<br>• अम्ल ,क्षारक की शब्द अभिक्रिया को लिख पाते हैं<br>• वैज्ञानिक अवधारणाओं की सीख को दैनिक जीवन में इस्तेमाल करना जैसे एसिडिटी, चींटी डंक (antsting) का वैज्ञानिक तरीकों से उपचार कर पाते हैं । | 1. निम्न विलयन को प्राकृतिक सूचक जैसे लिटमस,हल्दी पत्र ,गुडहल से टेस्ट करना : चीनी ,नमक ,सिरका ,नींबू का रस इत्यादि ।<br>2. उदासीनीकरण अभिक्रिया का अध्ययन करना ।<br>3. हल्दी पत्र बनाना और उससे साबुन की प्रकृति पता लगाना।<br>**कक्षा VI**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या :*** **10-17 , 22-25**<br>**कक्षा VII**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या : 43, 44*** |
| **प्राकृतिक घटनाएँ** | **<u>कक्षा VI:</u>**<br>***अध्याय-8:**<br>**प्रकाश – छायाएं एवं परावर्तन**<br><br>**<u>कक्षा VII:</u>**<br>**अध्याय -11:**<br>**प्रकाश** | • कार्य के आधार पर दर्पण व लेंस को पहचान पाते हैं।<br>• गुणों के आधार पर दर्पण व लेंस की छवियों में अंतर बता पाते हैं।<br>• सफेद प्रकाश सात रंगों को मिला कर बनता हैं का अन्वेषण करते हैं ।<br>• अपने आस-पास संसाधनों का उपयोग कर सात वर्णों वाला लट्टू या डिस्क बना पाते हैं। | 1. प्रकाश के स्रोतों को सीधी व मुड़ी हुई पाइप से देखना<br>2. प्रकाश के परावर्तन को दीवार या सफेद कागज के स्क्रीन पर देखना ।<br>3. विभिन्न वस्तुओं द्वारा बनाई गई छवियों (प्रतिबिम्ब) का अवलोकन करना ।<br>4. समतल ,अवतल व उत्तल दर्पण को पहचानना व अंतर बताना ।<br>5. सात रंगों की डिस्क बनाना तथा उसे घूमा कर अवलोकन करना<br>**कक्षा VI**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या :*** **33-38**<br>**कक्षा VII**<br>❖ ***कार्यपत्रक संख्या : 28-38*** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वस्तुएँ कैसे कार्य करती हैं?** | <u>**कक्षा VII:**</u><br>**अध्याय-5: भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन** | • हमारे आस-पास होने वाले परिवर्तनों को भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन मे वर्गीकृत कर पाते हैं।<br>• रासायनिक परिवर्तनों में सम्मलित रासायनिक अभिक्रियाओं के शब्द समीकरण लिख  पाते हैं<br>• संक्षारण के कारण तथा बचने के उपाय जान पाते हैं।<br>• वैज्ञानिक अवधारणाओं की सीख को दैनिक जीवन में इस्तेमाल करना जैसे संक्षारण से बचाना,पदार्थ को क्रिस्टलिकरण द्वारा पृथक् करना ।<br>• लोहे का संक्षारण ,चूने के पानी का $CO_2$ के कारण सफ़ेद हो जाना आदि जैसी घटनाओं के कारणों का वर्णन  करना ।<br>• उन लक्षणों को सूची बद्ध करना जो रासायनिक परिवर्तनो को पहचानने में मदद करते हैं | 1. गतिविधियां जो रासायनिक परिवर्तन को दर्शाती हैं जैसे तवा और कढाई को ऐसे ही छोडने पर क्या हो जाता है<br>2. ऐसे प्रयोग करना जिनमें रासायनिक अभिक्रिया हो जैसे लोहे पर जंग लगना, उदासीनिकरण, कॉपर का कॉपर सल्फेट विलयन से विस्थापन,आदि ।<br>3. आसानी से उपलब्ध पदार्थों के क्रिस्टल बनाना । (चीनी.नमक और कॉपर सल्फेट)<br>4. मैग्नीशियम रिबन का दहन और बने उत्पाद का प्रेक्षण  । |

- ❖ उपरोक्त पाठ्यक्रम **31** जनवरी **2024** तक अवश्य पूरा होना चाहिए ।
- ❖ वार्षिक परीक्षा **सम्पूर्ण वार्षिक  पाठ्यक्रम** पर आधारित होगी इसलिए  सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की पुनरावृति करवाई जाए।
- ❖ वार्षिक परीक्षा (CASE) 2023 - 24

नोट : दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है । ध्यातव्य है कि शेष पाठ्य-वस्तु अधिगम संवृद्धि के उद्देश्य मात्र है।

*इन अध्याय में केवल सम्बंधित विषय वस्तु ही करनी है जो इस कक्षा की विषय वस्तु के लिए जरुरी है।